MR. CHAIRMAN: Shri Pyarelal Khandelwal...*(Interruptions)*...

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Sir, the Government should make a statement on this issue.

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल (मध्य प्रदेश): महोदय....

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): महोदय, मैं इसमें एक मुद्दा जोड़ना चाहूंगी। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप पहले उन्हें बोलने दीजिए।

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार गैस-पीड़ितों को जो मुआवजा दिया जा रहा है, वह बहुत देर से और बहुत कम दिया जा रहा है। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि वहां के गैस-पीड़ितों को पर्याप्त मात्रा में राहत राशि मिले। महोदय, अभी जो मुआवजा दिया जा रहा है, वह बहुत कम है और केन्द्र सरकार इस संबंध में उदासीन है। इसलिए मेरा कहना है कि केन्द्र सरकार उस राशि का बढ़ाकर वितरित करने की व्यवस्था करे।

श्री विक्रम वर्मा (मध्य प्रदेश): महोदय, इसमें गैस-पीड़ितों का एक बड़ा हिस्सा छूट गया है। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आज इस विषय पर कोई चर्चा नहीं हो रही है। ...(व्यवधान)... आप चर्चा उठाना चाहें तो उसके लिए अलग नियम बने हुए हैं, उनके तहत चर्चा उठा लें। मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन आज इस विषय पर चर्चा नहीं हो रही है।

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं श्री खंडेलवाल से अपने को संबद्ध करती हूं।

श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को उनसे संबद्ध करता हूं।

श्रीमती सरला माहेश्वरी: महोदय, भोपाल में जितने व्यक्ति इससे प्रभावित हुए हैं, उनका जिस समय मूल्यांकन किया गया था, उस समय यह संख्या एक लाख थी, लेकिन आज यह संख्या कई गुणा बढ़ गई है जो राहत राशि साढे पांच लाख लोगों में बांटी जानी थी, वह एक लाख लोगों में बांटी गयी है। ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Shrimati Sushma Swaraj.

Arrrest of Kanchi Peeth Shankaracharya Shri Jayendra Saraswati

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): सभापति जी, आज आपकी अनुमति से मैं इस सदन में जिस विषय को उठाने के लिए खड़ी हुई हूं, उसे उठाते हुए मेरे मन में ...(व्यवधान)...

SHRI P.G. NARAYANAN (Tamil Nadu): I requst to the Chairman ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please listen to me. She has not raised the issue as yet.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: How do you know what am I going to say ...*(Interruptions)*... First you listen to me what I am going to say, only then you can react. I have not yet opened my mouth. सभापति जी, मैं यह कह रही थी कि जिस विषय को मैं आपकी अनुमति से सदन में उठाने के लिए खड़ी हुई हूं, उसे उठाते हुए मेरे मन में आक्रोश और वेदना का मिला-जुला भाव उभर रहा है। आक्रोश इसलिए है कि एक राज्य की सत्ता के द्वारा एक धार्मिक संस्था पर आक्रमण किया जा रहा है और वेदना इसलिए है कि हमारे प्रमुख धर्म गुरु जेल में हैं।

SHRI P.G. NARAYANAN: Sir, I request the Chair ...*(Interruptions)*...

श्री सभापतिः ठीक है, आप बोल लीजिए। ...*(Interruptions)*...

SHRI P.G. NARAYANAN: Sir, law and order is a State subject. Merits of criminal cases, especially, of a murder case, cannot be discussed in Parliament. ...*(Interruptions)*... The matter is *sub judice.* ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: If the hon. Member tries to go into the merits of the case, then you can object. ...*(Interruptions)*... She is not speaking on the merits of the case. She knows it very well that this a *sub judice* matter. ...*(Interruptions)*...

SHRI P.G. NARAYANAN: She is speaking about Shankaracharya. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: The case is *sub judice.* ...*(Interruptions)*... I can tell you that the case is *sub judice.* The hon. Members speaking on this matter will take precaution that a *sub judice* matter should not be discussed on merits. ...*(Interruptions)*...

SHRI P.G. NARAYANAN: ... but how can she raise it?

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Let me reply. ...*(Interruptions)*... Let me reply. I will reply to you. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Which matter is *sub judice?* ...*(Interruptions)*...Which mater is *sub judice?* ...*(Interruptions)*...

SHRI P.G. NARAYANAN: Sir, this matter is *sub judice*. ...*(Interruptions)*... Sir, after that, I may be given a opportunity to have my full say on this matter. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Sir, you must give him opportunity.

DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Sir, I may also be given a minute. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, अपनी बात कहने से पहले मैं नारायणन जी को आश्वस्त करना चाहूंगी, पता नहीं, उन्हें शायद मालूम भी हो, मैं पेशे से वकील हूं और पिछले 27 वर्षों में विभिन्न विधायिकाओं में भी रही हूं, विधान सभा में, लोक सभा में, दूसरी बार राज्य सभा में हूं। मैं इस सदन के नियमों, उप-नियमों से वाकिफ हूं और देश की कानून -व्यवस्था से भी परिचित हूं। मुझे मालूम है कि सब-जुडिस मैटर क्या होता है। इस केस के बहुत-से पहलू हैं, जो अदालत में लंबित हैं, जिन पर अदालत को निर्णय लेना है। मैं उनको छुऊंगी भी नहीं, लेकिन मैं एक निवेदन नारायणन जी से भी करना चाहती हूं कि इस तरह के विषयों को उठाने के लिए ब्लैंकेट बैन, पूर्ण प्रतिबंध लगाने की परंपरा न डालें वरना इन्हें एक दिन पछताना पड़ सकता है। पता नहीं, कब इनके अपने ही नेता इस तरह के दुर्व्यवहार कर शिकार हो जाएं और तब अपने ही बुने हुए जाल में यह फंस जाएं। इसलिए मैं यह कहना चाहती हूं कि जो सीमाएं अपने रखी हैं, जिनका जिक्र अभी आपने पीठ से किया है, मैं उन सीमाओं को लांघने की धृष्टता बिल्कुल नहीं करूंगी और अपनी परिधि में रहकर अपनी बात कहूंगी, लेकिन पूरी वेदना के साथ मैं अपनी बात सदन में रखना चाहती हूं।

सभापति जी, हमारे देश में कानून का शासन चलता है और इसीलिए व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर उस पर कोई आरोप लगता है तो उसे गिरफ्तार किया जाता है, गिरफ्तार करके उससे पूछताछ की जाती है, लेकिन जो कानून गिरफ्तारी का आदेश देता है, वही कानून आरोपी और अपराधी में तमीज भी करता है, अंतर भी करता है और वही कानून इस बात का संज्ञान भी लेता है कि आरोपी की सामाजिक प्रतिष्ठा क्या है, उसकी पढ़ाई क्या है, उसकी उम्र क्या है, उसका रुतबा क्या है। बहुत बार राजनेताओं पर भी आरोप लगते हैं, गिरफ्तारी होती हैं, इस सदन में भी बैठे हैं, उस सदन में भी बैठे हैं और यह नहीं कि राजनैतिक मामलों में गिरफ्तारी हुई हैं, बहुत बार आपराधिक मामलों में भी गिरफ्तारी होती हैं, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करके किसी अतिथि-गृह, किसी विश्राम-गृह, किसी डाक-बंगले को जेल घोषित करके रखा जाता है। उनकी पोजीशन के मुताबिक उनके लिए सुविधाएं जुटाई जाती हैं, उनके साथ भद्रता का व्यवहार किया जाता है। ...**(व्यवधान)**...

SHRIMATI S.G. INDIRA (Tamil Nadu): No; no.

MR. CHAIRMAN: Let her speak. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: He may be having a status. ...*(Interruptions)*...

श्री सभापति: आप बाद में अपनी बात कर लीजिए। ...(**व्यवधान**)... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Don't disturb. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: But he is involved in a murder case. ...*(Interruptions)*... This is a murder case. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Please don't disturb. ...*(Interruptions)*... Please don't disturb. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Before ten years. ...*(Interruptions)*... Sir, we won't allow her to speak. ...*(Interruptions)*... She is making a political speech. A lady writer, ten years ago ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please do not bring all those matters which are pending in the court. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, ये लोग ला रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप मत लाइए ...(**व्यवधान**)... You are bringing in all those matters. ...*(Interruptions)*...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI (Uttar Pradesh): Such matters must be expunged. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: These remarks should be expunged. ...*(Interruptions)*...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Such matters which are *sub judice* and are being discussed here should be expunged. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: You know the rules. ...*(Interruptions)*... One minute, please take your seat. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Please take you seat. ...*(Interruptions)*...

AN HON. MEMBER: Sir, I may be given one minute. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: There is no question of one minute or two minutes. When I decided to allow Shrimati Sushma Swaraj, your leader was sitting with me, and you were also there. Both of you were there. I asked Sushmaji that the matter which is pending in the court should not be, in any way,

brought in the debate of the House. She agreed. Then, let her speak. She is not saying all these things. ...*(Interruptions)*... Not at all. ...*(Interruptions)*... I am here. If the matter comes, I will check that. ...*(Interruptions)*...

SHRI P.G. NARAYANAN: It is for the Court. ...*(Interruptions)*...

श्री सभापति: आप छोड़िए, It is not for the Court. ...*(Interruptions)*...

SHRI N. SHUNMUGASUNDARAM (Tamil Nadu): The issue of detaining persons in 'dak bungalows' has been discussed in the High Court and the High Court has rejected it. Should we go into that? ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: No, no. First, listen to her. Please, listen to her.

DR. K. MALAISAMY: Mr. Chairman, Sir, would you please allow me to speak for a minute at the end?

MR. CHAIRMAN: I shall allow you to speak for one minute, two minutes or more, after she has completed her speech.

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, मैं यह कह रही थी कि इस तरह के व्यवहार का जब कभी उल्लंघन होता है तो यह सदन उसका नोटिस लेता है मैं याद कराना चाहूंगी नारायणन जी को कि इन्हीं की नेता के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था जेल में भेजते समय, एक बार करुणानिधि के साथ भी उसी तरह का व्यवहार किया गया था। इस सदन में दोनों राजनीतिक दल, जो प्रमुख राजनीतिक दल हैं तमिलनाडु के, उनके सांसदों ने यहां यह सवाल उठाया था और इस सदन ने नोटिस लिया था। अब यह नहीं हो सकता कि राजनेताओं के साथ दुर्व्यवहार हो तब तो यह सदन नोटिस ले लेकिन अगर धर्मगुरुओं के साथ दुर्व्यवहार हो तो यह सदन नोटिस न ले। यह सदन देश का सदन है, राजनेताओं का सदन नहीं है। ...(व्यवधान)... यह देश की सर्वोच्च संसद है और सर्वोच्च संसद का भी उच्च सदन है यह। सभापति जी, केवल राजनेताओं की बात नहीं करते हैं, जब पत्रकारों पर आरोप लगते हैं, तब क्या कहा जाता है। अभी तमिलनाडु में हुआ, ''हिन्दू'' के ऐडिटर एन॰ राम के भाई एन॰ राव के विरुद्ध जब वारंट जारी किया गया तो क्या कहा गया? वे एक सम्मानित सम्पादक हैं, इसलिए उनके साथ भद्रता का व्यवहार होना चाहिए। जब उद्योगपति गिरफ्तार होते हैं तो कहा जाता है वे देश के बड़े प्रतिष्ठित उद्योगपति हैं ...(व्यवधान)...

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): There is not even one. ...*(Interruptions)*... not even one. ...*(Interruptions)*... Give me one example.

श्री सभापति: बागड़ोदिया जी, आप उद्योगपतियों के नाम से क्यों चिढ़ गए?

श्री संतोष बागड़ोदिया: वे गलत बोल रही हैं। ऐसा होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता, मैं यह बताना चाहता हूं।

श्री सभापति: बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... ठीक है, बैठिए। देखिए, बात ठीक बोल रही हैं।

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल): हमको भी मौका दिया जाए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, यहां एक प्रमुख धर्मगुरु को दीपावली की पूर्व रात्रि को गिरफ्तार किया गया क्योंकि दिन की अहमियत होती है और दिन की अहमियत इस सदन से ज्यादा, इस सत्र से ज्यादा किसे पता होगी। सभापति जी, यह शीतकालीन अधिवेशन है और आपको मालूम है कि शीतकालीन सत्र की अवधि तय करते समय हर सरकार ने इस बात का ध्यान रखा है, हर पीठासीन अधिकारी ने इस बात का ध्यान रखा है कि 25 दिसम्बर से दो दिन पहले सत्र जरूर समाप्त हो जाए। क्यों? क्योंकि 25 दिसम्बर का बहुत बड़ा त्यौहार होता है क्रिसमस का। हम यह चाहते हैं कि हमारे क्रिश्चियन सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में पहुंच जाएं और अपने घर में बैठकर यह त्यौहार मनाएं। मेरे पीछे बैठे हैं, श्री प्रमोद महाजन जो संसदीय कार्य मंत्री रह चुके हैं, सामने हैं श्री सुरेश पचोरी जो संसदीय कार्य मंत्री हैं और हम सबने इस बात को देखा है कि पिछली बार 1 दिसम्बर को सैशन शुरू करना पड़ा था मुझे, जब मै संसदीय कार्य मंत्री थी, क्योंकि चुनाव हो रहे थे। किसी भी सत्र की अवधि बढ़ाने की गुंजाइश होती है लेकिन शीतकालीन सत्र की अवधि नहीं बढ़ाई जा सकती, क्योंकि क्रिसमस है। हम हर धर्मावलम्बियों की भावनाओं का ध्यान रखकर ऐसा करते हैं। लेकिन जान-बूझकर दीपावली की पूर्व रात्रि चुनी गई ताकि हमारे घावों को और गहरा धक्का लगे कि दीपावली की पूर्व रात्रि को, हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्यौहार है दीपावली, ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बैठिए, बैठिए। इतना गुस्सा मत कीजिए। Please take your seat. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, it was not Diwali in Tamil Nadu ...*(Interruptions)*... It was not Diwali in Tamil Nadu on that day ...*(Interruptions)*... It was only the day after Diwali. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please, take your seat. Please, take your seat. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: इतना गुस्सा मत करिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, गिरफ्तार करना था तो दो दिन रुका भी जा सकता था, दीपावली निकल जाती, लोग त्यौहार मना लेते, लेकिन नहीं। और क्या असत्य प्रचार किया

गया कि एक हेलिकॉप्टर खड़ा है, वे तो उससे भाग जाना चहते थे रात को। सभापति जी, ...(व्यवधान)... आप लोग चुप रहिए।...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Please, take your seat ...(*Interruption*)... don't disturb...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, आप भी हेलिकॉप्टर से उड़ते हैं।...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: I will look into it. ...(*Interruption*)... I shall allow you to speak. Please, don't speak now. ...(*Interruption*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: पूरे देश में एक असत्य प्रचार किया गया कि हमें आज का दिन इसलिए चुनना पड़ा कि वे तो रात को हेलिकॉप्टर से नेपाल भाग जाते। सभापति जी, आप भी हेलिकॉप्टर से चलते हैं, क्या कोई हेलिकॉप्टर सूर्यास्त के बाद उड़ सकता है? क्या 6.00 बजे के बाद उसको उड़ने की इजाज़त होती है और क्या कोई पुणे से लेकर नेपाल तक हेलिकॉप्टर में जा सकता है? क्या रास्ते में भारत के किसी हवाई अड्डे पर उतरकर उनको दोबारा से ईंधन भरवाना नहीं पड़ता? लेकिन इन तकनीकी चीज़ों की जानकारी आम आदमी को नहीं है, भोले-भाले लोगों को इसलिए गुमराह किया गया, चलिए, दीपावली के पूर्व रात्रि को गिरफ्तार हुए लेकिन गिरफ्तार करके इस समय पर, ...(व्यवधान)... सभापति जी, ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप बोलने दीजिए।...(व्यवधान)... आप बोल लेना ना Please take your seat, don't disturb her. Mr. Ajay Kumar, Please don't disturb. बैठिए, बैठिए ...(व्यवधान)... माननीय सदस्य एक बात का ध्यान रखें, एक मिनट बैठ जाइए, Please, sit down एक बात का ध्यान रखें कि ऐसे मसले सभी पार्टियों के माननीय सदस्य उठाते हैं। मैं समझता हूं कि ये बोल लें तो उसके बाद कोई आपत्तिजनक बात हो तो मैं आपको allow करूंगा, इसलिए इनको बोल लेने दीजिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: धन्यवाद सभापति जी, सभापति जी अच्छा है कि यहां पर गृहमंत्री बैठे हैं क्योंकि यहां पर केन्द्र सरकार की भी भूमिका आती है। क्योंकि उनको तमिलनाडु से गिरफ्तार नहीं किया गया, तमिलनाडु के किसी नगर से भी गिरफ्तार नहीं किया गया, उन्हें गिरफ्तार कहां से किया गया? आन्ध्र प्रदेश से, महबू नगर से, महबूब नगर आंध्र प्रदेश में है और आप जानते हैं कि हमारे देश का कानून यह कहता है कि अगर एक राज्य की पुलिस दूसरे राज्य में जाकर किसी को गिरफ्तार करती है तो उस राज्य की पुलिस का सहयोग लिए बिना नहीं कर सकती, तो तमिलनाडु पुलिस ने संपर्क साधा आंध्र प्रदेश की पुलिस से। अब इतने बड़े व्यक्ति की गिरफ्तारी थी। आंध्र प्रदेश के पुलिस अधिकारी सीधे तो उन्हें नहीं सौंप सकते थे। इसलिए पुलिस अधिकारियों ने चीफ मिनिस्टर से संपर्क साधा और उनसे कहा, सर ऐसी ऐसी बात है, उनको लेने आए हैं, यह इतना बड़ा मसला था कि आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री भी स्वयं निर्णय नहीं कर सकते थे

इसलिए बकौल उनके, मैं नहीं कह रही हूं, बकौल मुख्यमंत्री आंध्रप्रदेश के उन्होंने दिल्ली से संपर्क साधा, मुझे नहीं मालूम कि उनकी बात किससे हुई, लेकिन यह बात साफ है कि अगर मुख्यमंत्री बात कर रहे हैं, तो किसी बड़े से बात की होगी, गृह मंत्री से बात हुई होगी, प्रधानमंत्री से बात हुई होगी या उनसे ऊपर बड़े किसी से बात हुई होगी, मुझे नहीं मालूम, लेकिन मैं यह कह सकती हूं कि उस समय कम से कम केन्द्र सरकार को भी यह सुझाव देना चाहिए था कि दो दिन बाद कर लेना, कल दीपावली है इसलिए मैंने कहा कि उतनी भर भूमिका इनकी भी वहां आती है, लकिन वह नहीं हुआ, गिरफ्तारी हो गयी, अब गिरफ्तारी के बाद उनको किसी अतिथि गृह या डाक बंगले में नहीं ले जाया गया बल्कि वैल्लूर जेल में भेजा गया ...(**व्यवधान**)... अब जेल में भेजा गया, सभापति जी आप जानते हैं ...(**व्यवधान**)...

जीवन राय:*

श्री सभापति: देखिए प्लीज आप इस बात का ध्यान रखिए मैं बोलने नहीं दूंगा। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। Nothing will go on record. आप बैठ जाइए, यह ला एण्ड आर्डर का मामला नहीं है। यह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। Nothing will go on record ... (*Interruptions*)... जो मैंबर मेरी बिना अनुमति के बोलते हैं वो रिकार्ड पर नहीं जाएगा। चलिए बैठ जाइए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, वहां से उन्हें जब वैल्लूर जेल भेजा गया तो आप जानते हैं कि शंकराचार्य की तीन बार की पूजा करनी होती है, वे त्रिकाल पूजा करते हैं, उसका अपना एक ढंग है, एक विधिवत ढंग से वह पूजा होती है और इस मठ की ढाई हजार वर्षों की परम्परा है, ढाई हजार वर्षों की, और पचार वर्षों की संत इस की अनवरत साधना। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: देखिए यह कानून नहीं है, ...(**व्यवधान**)... आप एक बार बोलने क्यों नहीं देते।

श्री नीलोत्पल बसु: सर हमें अब इनसे पूछना पड़ेगा कि पूजा की विधि क्या होती है... (**व्यवधान**)...

श्री एस. एस. अहलुवालिया (झारखंड): जब शंकराचार्य जी के बारे में बात हो रही है तो पूजा का जिक्र इसमें आता है ...(**व्यवधान**)...

SHRI NILOTPAL BASU: This is a secular State and we have a secular Constitution. Are we supposed to discuss the details of any religion? We are committed to the Constitution. Can we discuss everything and anything we wish?

*Not recorded.

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, मैं कह रही थी कि ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप बैठ जाइए, कागज दिखाने की जरूरत नहीं है। ज्यादा अच्छा है आप बैठ जाएं। आपको बोलने का मैं मौका दूंगा उस समय कह देना सब बातें जो बात कहनी है। ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी ...(व्यवधान)...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, kindly see this report. The lady writer has ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति: आप बैठिए, यह आप क्या दिखा रहे हैं।... क्या दिखा रहे हैं आप।...(व्यवधान)...

SHRI R.K. DHAWAN (Bihar): Chairman Sir, I want to say something. I want to refresh her memory ...(*Interruptions*)... Two Points were raised. One is ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Sir, he is not ....(*Interruptions*).... why should he reply? ...(*Interruptions*)....

MR. CHAIRMAN: Let her finish ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: But, why should he reply? ...(*Interruptions*)....

श्री सभापति: उनको फिनिश करने दीजिए, बैठे जाइए।...(व्यवधान)... बोलने दीजिए उनको।...(व्यवधान)... आप बैठिए। माननीय सदस्य, nothing is going on record. आप बैठ जाइए।

SHRI R. KAMARAJ:*

MR. CHAIRMAN: Please take your seat ...(*Interruptions*).... Please take your seat.

SHRI S.S. CHANDRAN:*

SHRI N.K. PREMACHANDAN:*

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, मैं कह रही थी कि 50 वर्षों की उस व्यक्ति की, उस संत की अपनी साधना है और 50 वर्षों से वे उसी तरह से पूजा कर रहे हैं। जब वहां उन्होंने विधिवत् पूजा करने की बात की तो कहा कि इसकी व्यवस्था नहीं की जा सकती शंकराचार्य जी के भोजन की भी एक परम्परा है। वे दही चावल खाते हैं लेकिन एक अलग विधि से बना हुआ।

*Not recorded.

जब उन्होंने भोजन के लिए कहा तो भोजन की भी व्यवस्था नहीं ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, अखबारों में पढ़ने को मिलता है ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, renowned Tamil writer Anuradha Ramanan has alleged ...(*Interruptions*)...

SHRI N.R. GOVINDRAJAR (Tamil Nadu): Sir, please see this ...(*Interruptions*)....

MR. CHAIRMAN: These matters are pending in the court. माननीय सदस्य, जो आप यह पर्चे दिखा रहे हैं ...(**व्यवधान**)... एक मिनट बैठ जाइए Please take your seat. जो आप बात उठा रहे हैं यह सब मामले कोर्ट के सामने हैं। कोर्ट इस पर डिसीजन करेगी। ये जो बोल रही हैं इनका मामला कोर्ट में नहीं हैं और न कोर्ट में कोई इंक्वायरी का मामला नहीं है। यह गलत बात है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : एक मिनट सुनिए ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, बैठिए। कम से कम इतना ध्यान रखिए, मेरी सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप एक ध्यान रखिए कि जब आसन खड़ा होकर कोई बात कह रहा हो तो आपको शांतिपूर्वक उसको सुनना चाहिए। अगर आप यह चाहते हैं कि मैं भी बोलूं और मुझे आप डिस्टर्ब करेंगे तो उसके परिणाम अच्छे नहीं निकलेंगे। मैं आपको इतना ही कहना चाहता हूं कि वे जो कुछ बोल रही हैं, कोर्ट में जो मामला पेंडिंग है उसके बारे में कोई जिक्र नहीं किया और न करेंगी और जिस समय जिक्र करेंगी तो मैं रोकूँगा और रोकने के बाद में मैं अगर भूल भी जाऊं तो आप पोइंट आउट करेंगे तो मैं उसको देख लूंगा। लेकिन अभी तक एक सामान्य शासन के जो शिष्टाचार की बातें हैं उसका जिक्र हो रहा है, बोलने दीजिए। मैं माननीय सदस्य और हाउस को सबको निवेदन करना चाहता हूं कि यह मामला कभी किसी के लिए भी आ सकता है। मुझे यहां आने के बाद ही मालूम हुआ है कि एक माननीय सदस्य को गिरफ्तार करके जेल में रखा था। मेरे पास केवल सूचना आई थी। सूचना के आधार पर एक मेंबर को मैंने वहां भेजा कि उनको किस तरह का खाना मिलता है, किस तरह से उनको वहां ठहरा रखा है, सेल्यूलर जेल में हैं या खुली जेल में हैं, उनको रहने की सुविधाएं हैं या नहीं। तो यह तो सारे मेंबर्स का सवाल हैं। मेंबर्स के सवाल के लिए मैं समझता हूं कि अगर आप मुझे बोलने नहीं देंगे या दूसरों को बोलने नहीं देंगे और वे आज शंकराचार्य जी के बारे में बोल रही हैं, कल किसी दूसरे के बारे में भी बोल सकती हैं, इस हाउस में कई बार ऐसे मामले उठे हैं। तो अभी जो कुछ ऐसे मैटर्स जो सब-ज्यूडिस है उसके ऊपर जिक्र नहीं कर रही हैं और आप जो पोस्टर दिखा रहे हैं यह वे सब मामले हैं जो कोर्ट के सामने पेंडिंग हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी। ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, मैं आपको दिया हुआ वचन निभा रही हूं और मैं निभाऊंगी। मैं अपनी परिधि को नहीं लांघूगीं। ...(**व्यवधान**)... लेकिन मैं नारायणन जी से कहना चाहूंगी ...(**व्यवधान**)... मैं नारायणन जी से कहना चाहूंगी कि यह उल्लंघन आपकी तरफ से हो रहा है, हमारी तरफ से नहीं हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... मैं एक भी शब्द ऐसा लेकर नहीं आ रही हूं जो कोर्ट के सामने हैं। ...(**व्यवधान**)... लेकिन उल्लंघन उनकी तरफ से हो रहा है। सभापति जी, यह जो बात आपने कही है, यही बात मैं कहना चाहती हूं कि राजनेता, पत्रकार और दूसरे लोगों पर जब यह चीज होती है तो हम उसे ज्यादती कहते हैं, हम उसे हाई हैंडिडनेस कहते हैं। चूंकि यह एक धर्माचार्य के साथ हो रहा है, इसलिए हमारी जो धर्मनिरपेक्षता सामने आती है, इसलिए हम एवरीबडी इज इक्वल बिफोर लॉ कहकर अपना पल्ला झाड़ लेना चाहते हैं। यह नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)... इसलिए मैं यह मामला यहां उठा रही हूं। क्योंकि यह एक धर्माचार्य के साथ हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... जब ऐसा अपने साथ होता है तो कानून याद आता है। जब अपने साथ ऐसा होता है तो ज्यादती लगती है, जब अपने साथ होता है तो हाई हैंडिडनेस लगती है। सभापति जी, मैं आपसे यह कह रही थी कि पूजा का प्रबंध। नहीं हुआ, भोजन का प्रबंध नहीं हुआ। हम अखबार में पढ़ते हैं। हमने अभी अखबार में पढ़ा कि बिहार में एक सत्तासीन दल के एक सांसद ने जेल में पार्टी की। एक सांसद को जेल में पार्टी की इजाजत है, शंकराचार्य की पूजा पर भी पाबंदी है! ...(**व्यवधान**)...

प्रो॰ राम देव भंडारी: (बिहार) सर, क्या यह बिहार का मामला है? ..(**व्यवधान**)... सर, इनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। .....(**व्यवधान**).....

श्री सभापति: आप बैठ जाइये। आप बैठ जाइये। .....(**व्यवधान**).....

SHRI JIBON ROY: Sir, I would like to draw your attention. She is exploiting religion for a political party. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Not at all .....(*Interruptions*).....

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, इनके पास बोलने के लिए विषय नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

प्रो॰ सभापति: अच्छा, अब आप बैठ जाइये। ...(**व्यवधान**)... Please take your seat. Please take your seat. (*Interruptions*).

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, ...(**व्यवधान**)... मैं तुलना कर रही हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं तुलना कर रही हूं। ...(**व्यवधान**)... बिहार कोई असंसदीय शब्द नहीं है। ...(**व्यवधान**)... मैं तुलना कर रही हूं। ...(**व्यवधान**)...

प्रो॰ राम देव भंडारी: तुलना की क्या जरूरत है? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: तुलना की जरूरत है। ....(**व्यवधान**).....

प्रो॰ राम देव भंडारी: सभापति महोदय, ये कहां-कहां की बात कर रही हैं। इनके पास बोलने के लिए विषय नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप बैठ जाइये। ...(**व्यवधान**)...

श्री विद्या सागर निषाद: सभापति महोदय,*

श्री सभापति: आप बैठ जाइये। ....(**व्यवधान**)... यह कोई रिकार्ड पर नहीं जा रहा है। ध्यान रखिये। ....(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइये।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ल (उत्तर प्रदेश): मुझे एक बात पूछनी है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप बैठ जाइये। ...(**व्यवधान**)... Please take your seat. How can you ask?...*(Interruptions)*

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: But, I am not yielding ...(*Interruptions*)... I am not yielding ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति: बैठिये, बैठिये। राजीव जी, बैठिये। चलिये।

श्री राजीव शुक्ल: मैं आपकी अनुमति से पूछ रहा हूं।

श्री सभापति: मेरी अनुमति नहीं है। आप बैठ जाइये। ...(**व्यवधान**)... चर्चा बाद में कर लेना। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, मैं यह कह रही थी कि इतने भर से भी संतोष नहीं हुआ। उसके बाद उनकी पुलिस हिरासत मांगी गई। राज्य सरकार अड़ी रही और उन्होंने उनकी पुलिस हिरासत मांगी। उस समय का दुर्व्यवहार देखिए। कोर्ट में उनको तीन घंटे स्टूल पर बैठाया। ...(**व्यवधान**)...

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (Kerala): So what?

श्रीमती सुषमा स्वराज: 'So what'? सभापति जी, मैं कहती हूं...(**व्यवधान**)... उनके रुतबे का नहीं। ...(**व्यवधान**)... यह मानसिकता है 'so what'? यह मानसिकता है 'so what'?

श्री सभापति: चलिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं इसी मानसिकता का विरोध कर रही हूं 'so what'? सभापति जी, अगर रुतबे का नहीं तो उम्र का ख्याल कर लिया होता। 70 वर्ष का बूढ़ा व्यक्ति तीन घंटे स्टूल पर बैठा, एक कुर्सी लाकर नहीं दी जा सकती थी ...(**व्यवधान**)...

---

*Not recorded.

SHRI P.G. NARAYANAN: She is misleading. All the facilities are provided. ...(*Interruptions*)

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka) Where were you when Indiraji was sent to jail? ...(*Interruptions*) What did you speak that day? ...(*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, यह वह समय था ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: आप बोलने दीजिए। इसमें दिक्कत क्या है। ...(**व्यवधान**)... कोर्ट में कुर्सी पर बैठें या स्टूल पर बैठें, यह सब-जुडिस मैटर नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, यह वह समय था जिस समय राज्य सरकार का आचरण इतना निर्लज्जता और क्रूरता से भरा हुआ था कि उसके विरोध में एक पूर्व राष्ट्रपति और दो पूर्व प्रधान मंत्रियों को सड़क पर आना पड़ा। यह वह समय था जब प्रधान मंत्री को गोहाटी से बोलना पड़ा। यह वह समय था जब समाजवादी दल के नेता, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव को लखनऊ से बोलना पड़ा और यह वह समय था, मैं नीलोत्पल बसु जी को याद दिलाना चाहूंगी, जब सीता राम येचुरी को सार्वजनिक रूप से टीवी पर बोलना पड़ा। यह वह समय था जब डीएमके के वह नेता, करुणानिधि, जिन्होंने स्वयं शंकराचार्य जी की गिरफतारी की मांग की थी, उन्हें भी चेन्नई से बोलना पड़ा। देश में त्राहि-त्राहि मच गयी कि ऐसा निर्लज्जता भरा आचरण, ऐसा क्रूरता भरा आचरण? यह सब वहां पर हुआ। ...(**व्यवधान**)... लेकिन इतने भर से चैन नहीं पड़ा। प्रधान मंत्री ने वापिस आकर पत्र लिखा और उस पत्र में उन्होंने कहा कि ऐसा दुर्व्यवहार मत करिए। उस पीठ का कोई मान-सम्मान है। कानून अपना रास्ता लेता हैं, यह एक चीज है लेकिन कानून के रास्ते में भी उनके मान-सम्मान का ख्याल रखिए। प्रधान मंत्री को एक मुख्य मंत्री को पत्र लिखना पड़ा लेकिन उस पत्र का टाल-मटोल भरा उत्तर देकर वापस राज्य सरकार उस काम में लग गयी। मैं अभी इसी सोमवार को बैल्लूर जेल में उनसे मिलने गयी थी। मैं साक्षी हूं इस चीज की। मेरे मन में कष्ट था। उनको देखकर बार-बार मेरा गला भर रहा था लेकिन वे शांत थे, संयत थे। ...(**व्यवधान**)... आप भावनाएं नहीं समझेंगे। आप भावनाएं कैसे समझेंगे?

प्रो॰ राम देव भंडारी: हम लोग भी महसूस कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, इस दृश्य को देखकर... क्या कभी आपने जिंदगी में कल्पना की है कि शंकराचार्य जेल की सींखचों के पीछे दिखेंगे और दिखेंगे तो क्या आपका गला नहीं भरेगा? लेकिन वे शांत थे, संयत थे। उन्होंने अपने साथ होने वाले किसी व्यवहार की शिकायत नहीं की। लेकिन उन्होंने एक बात कही की सुषमा जी, समाचार-पत्रों

में जो छप रहा है, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया पर जो दिखाया जा रहा है, सब असत्य है, मिथ्या है। मैं इसलिए यह सब कहना चाहती हूं, अब यह मामला ...(**व्यवधान**)... सभापति जी, अब यह मामला...

श्री नीलोत्पल बसु: यह जो स्टेटमेंट हैं, यह विचाराधीन नहीं है क्या? ...(**व्यवधान**)... मैं आपकी डायरेक्शन चाहता हूं क्या यह मामला विचाराधीन नहीं है?

श्री सभापति: आप बोलने दो।

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहती हूं ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I will allow you. You can reply to it. यह ऐसी कौन-सी बात है? ...(**व्यवधान**)...

प्रो॰ राम देव भंडारी: जेल में बंद हैं।...(**व्यवधान**)... उन्होंने जो कुछ कहा, यहां कहने की बात नहीं है।...(**व्यवधान**)... हाउस में कहने के लिए नहीं कहा।...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: क्यों नहीं कहेंगे? कौन-सी कानूनी दिक्कत है?

श्री नीलोत्पल बसु: क्या यह मामला विचाराधीन नहीं है? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, आज गृह मंत्री जी बैठे हैं आदरणीय गृह मंत्री जी, मैं आपको मुखातिब करके कहना चाहती हूं कि अब यह मामला ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य: जेल के अंदर ...(**व्यवधान**)...

श्री सुषमा स्वराज: सभापति जी, इन्हें बैठाइए।

श्री सभापति: आप बैठ जाइए।...(**व्यवधान**)... देश की बातें और कर लेंगे। बिहार की भी बात कर लेंगे, बंगाल की भी कर लेंगे, सब जगह की कर लेंगे, अभी तो जो बात हो रही है, उसे होने दो।...(**व्यवधान**)...

श्री सुषमा स्वराज: सभापति जी, मैं आपसे निवेदन करके कहना चाहती हूं कि अब यह मामला एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध का मामला नहीं रह गया। अब यह मामला एक राज्य सत्ता का एक धार्मिक संस्था पर आक्रमण करने का मामला बन गया है। एक स्टेट पॉवर एक धार्मिक संस्था को खत्म करने में लगी है ...(**व्यवधान**)...

SHRI JIBON ROY: Now, the cat is out of the bag. ...(*Interrupption*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Nobody is above law. ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: प्रतिष्ठा धूमिल करने में लगी है इसलिए मैं आपसे मांग करती हूं, संविधान ने आप पर जिम्मेदारी डाली है राज्य सरकारें संविधान सम्मत कार्य करें। यह आप पर जिम्मेदारी है और संविधान ने आपको अधिकार भी दिये हैं। ...**(व्यवधान)**... केवल एक चिट्ठी लिखकर आपके कर्तव्य की इति श्री नहीं हो जाती। संविधान ने धारा 256, 257 में आपको यह जिम्मेदारी दी है कि आप यह देखें कि राज्य सरकारें संविधान के अनुसार चल रही हैं या नहीं। आप 256, 257 के तहत निर्देश देने का काम करिए ताकि इस पर लगाम लग सके। यह प्रपंच जो चल रहा है, यह प्रपंच समाप्त हो। यह कुचक्र खत्म हो, इतना ही मुझे निवेदन करना है। धन्यवाद।

श्री जयन्ती लाल बरोट (गुजरात): सभापति महोदय...

श्री सभापति: मैं एक को अलाऊ करूंगा।

श्री जयन्ती लाल बरोट: वे क्यों खड़े हो रहे हैं? ...**(व्यवधान)**... हमें भी मौका मिलना चाहिए।

श्री सभापति: आप बैठ जाइए, आप क्यों डिस्टर्ब कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... एक मिनट सुन लीजिए। जब सुषमा जी बोल रही थीं, आप डिस्टर्ब कर रहे थे। यह कोई जरूरी है कि कोई भी आदमी बोले, आप डिस्टर्ब करें।

एक माननीय सदस्य: सर, हमें भी मौका दीजिए।

श्री सभापति: शांति से बैठिए। मौका दूंगा। आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... आप बोलिए। आपकी पार्टी से एक माननीय सदस्य बोलेंगे।

SHRI P.G. NARAYANAN (TAMIL NADU): Mr. Chairman, Sir, what Mrs. Sushmaji has stated here is far from the truth. She has misled the House. Sir, we have the highest respect and regard for the Kanchimutt Peeth*. ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति: मैं यह एलाऊ नहीं करूंगा ...**(व्यवधान)**... मैं यह एलाऊ नहीं करूंगा। हटा दीजिए इसको प्रोसीडिंगज से। यह एलाऊ नहीं करूंगा। ...**(व्यवधान)**... आपने जो कहा, वह बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI P.G. NARAYANAN: He is involved. (*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Sir, this matter is *sub judice*. (*Interruptions*)

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, he is referring to a *sub judice* matter. (*Interruptions*) He should not be allowed to say all this. (*Interruptions*)

---

*Not recorded.

श्री सभापति: नहीं होगा, रिकॉर्ड नहीं होगा, जो मामला ...(व्यवधान)... एक बात सुन लीजिए... एक मिनट सुन लीजिए। जो मामला कोर्ट के सामने पेंडिंग है, उस संबंध में आप बोलेंगे, तो वह रिकॉर्ड नहीं होगा। ...(व्यवधान)... नहीं, कोई मामला कोर्ट में पेंडिंग नहीं था। बता दीजिए, कौन सा मामला कोर्ट में पेंडिंग था? जो कोर्ट में पेंडिंग है, सब-ज्यूडिस है, जो प्वाइंट सब-ज्यूडिस है, उसके ऊपर आप बोलेंगे, तो हाऊस में वह रिकार्ड नहीं होगा। ...(व्यवधान)... आप प्रोसीजर की बात कीजिए। ...(व्यवधान)...

श्री मोतिउर रहमान (बिहार): सर, कानून के...

श्री सभापति: अरे, आप बैठ जाओ ना। कृपया बैठिए... बैठिए... आप बहुत कानून का पालन करते हैं, मुझे आपके प्रति बहुत ही श्रद्धा है।

श्री मोतिउर रहमान: वह सब देख रहा है।

श्री सभापति: वह सब देख रहा है, हम भी देख रहे हैं, हम भी बहुत देख रहे हैं। बोलिए, नारायणन जी।

SHRI P.G. NARAYANAN: Sir, the arrest of Sankaracharya of Kanchi Kamakoti Peetham was a painful action undertaken by the State Government of Tamil Nadu to uphold the rules of law. The brutal murder of a temple employee, who functioned as a shadow of late Parmacharya, Shri Chandrashekhar Saraswati, took place in the holy precincts of the Varadaraja Perumal Temple in broad day light. Late Sankaraman was brutally murdered. He and his father, Vishwanathan, were the eyes and ears in Parmacharya. So, a close associate of Parmacharya was murderd in broad day light in the precincts of holy Vaishnavite Shrine. In such circumstances, what is the duty of the State Government? The State Government has taken action as was expected of it. Investigations have revealed that the needle of suspicion for the murder points at the present Sankaracharya. (*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज: Again investigations reveal.. सर, आपने सुना नहीं?

श्री सभापति: ये फैक्ट्स रिवील नहीं कर रहे हैं। ...(व्यवधान)... यह रिवीलिंग नहीं है। ...(व्यवधान)...

SHRI P.G. NARAYANAN: I am not going into the merits of the case. (*Interruptions*)

श्री सभापति: अहलुवालिया जी, आप उनको बोलने दीजिए ...(व्यवधान)... आप बोलने दीजिए उनको let him speak, there is no harm. बोलिए, नारायणन जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)... अहलुवालिया जी, उनको बोलने दीजिए, बैठ जाइए। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: सर, ये इन्वेस्टीगेशन ...

श्री सभापति: इन्वेस्टीगेशन का सवाल नहीं है। इन्होंने इन्वेस्टीगेशन की बात नहीं की। जो केस रजिस्टर हुआ, उसकी बात कह रहे हैं। यह उसमें नहीं आता। Investigation in the court ...(व्यवधान)... मेरी बात सुन लीजिए। यह गलत बात है। आप पहले बैठिए। ये कह रहे हैं कि उनके खिलाफ केस रजिस्टर हुआ है। ...(व्यवधान)... एक मिनट सुन लीजिए। केस रजिस्टर हुआ है, मर्डर का केस रजिस्टर हुआ है। उस मर्डर के केस में इन्वेस्टीगेशन हुई है, इन्वेस्टीगेशन के सिलसिले में वे गिरफ्तार हुए हैं। यह कौन सा सब-ज्यूडिस का मैटर हो गया? Please don't disturb.

SHRI S.S. AHLUWALIA: What did he say? He said that the investigation reveals that the needle of suspicion points at Sankaracharya. How can he say that?

